



वर्षा जल निकास नालियों के चिह्नक हमें याद दिलाते हैं कि हम सब अपने आसपास के पर्यावरण से जुड़े हुए हैं।

# वाहन धुलाई

वर्षा जल को दूषित होने से बचाकर
अपने जलीय पर्यावरण का संरक्षण करें

## अधिक जानकारी के लिए

- खतरनाक सामग्रियों से होने वाले संदूषक फैलाव को तत्काल साफ कर देना चाहिए। संदूषक फैलाव को सीमित कर देना चाहिए ताकि उन्हें वर्षा जल निकास प्रणाली में जाने से रोका जा सकें।

- एक संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया योजना तैयार करें जिसमें एक संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया किट शामिल हो, जो आपके केंद्र पर प्रयोग किए जाने वाले उत्पादों और वहां पैदा होने वाले अपषिष्टों के लिए उपयुक्त अवषोषण सामग्री से लैस हो। अपने कर्मचारियों को संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया योजना का प्रयोग करने और सही तरीके से वाहन धुलाई, रसायन प्रयोग और अपषिष्ट पदार्थों की संचालन तकनीकों के लिए प्रषिक्षित करें।

- अपने कर्मचारियों को श्रेष्ठ प्रबंधन प्रणालियों, वर्षा जल बहिःस्राव निषेधों, और अपषिष्ट जल बहिःस्राव अपेक्षाओं के बारे में प्रषिक्षित करें। यह सुनिष्चित करें कि आपके सभी कर्मचारी वर्षा जल संदूषण के प्रति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक हों।

पर्यावरण में दुर्घटनावष किसी संदूषक–फैलाव होने की स्थिति में तत्काल **प्रोविन्षियल इमरजेंसी प्रोग्राम** (PEP) से 1.800.663.3456 पर सम्पर्क करें। यदि वह रसायन ज्वलनषील है, विषाक्त है, क्षयकारी है अथवा अन्य खतरनाक विषेषताओं वाला है तो **सरी फायर डिपार्टमेंट** से तत्काल **911** पर सम्पर्क करें।

वर्षा जल निकास प्रणाली को दूषित करने के लिए जिम्मेवार किसी भी व्यक्ति को निम्नलिखित पर्यावरणीय कानूनों के अन्तर्गत उत्तरदायी ठहराया जा सकता है:

- फेडरल फिषरीज एक्ट
- BC हैजर्डस वेस्ट रेग्यूलेषन
- BC इन्वाइरन्मेन्टल मैनेजमेंट एक्ट
- सरी बाई–लॉ नं. 16610

## अधिक जानकारी के लिए

RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन
**604.732.9253**

सिटी ऑफ सरी
प्लम्बिंग सेक्षन
**604.591.4245**

सिटी ऑफ सरी
ड्रेनेज एण्ड इन्वाइरन्मेन्ट सेक्षन
**604.591.4321**

मैट्रो वैंकूवर
सोर्स कंट्रोल
**604.436.6777**

सरी फायर डिपार्टमेंट
**604.543.6760**

यदि आप किसी वर्षा जल निकास नाली में कोई संदूषक–फैलाव अथवा रसायन धुलते हुए देखें तो कृपया सिटी ऑफ सरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से **604.590.7226** पर संपर्क करें, सायं 4:30 बजे के बाद **604.591.4431** पर।

7.7.60

www.surrey.ca

CITY OF SURREY





# वाहन धुलाई

ऑटो धुलाई, भाप द्वारा सफाई और साज–सज्जा कार्यों में कारों, ट्रकों और अन्य उपकरणों के विभिन्न घटकों की सफाई करने, गंधमुक्त करने और चमक को पुनः स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद विलयन प्रयोग किए जाते हैं। इन सफाई कार्यों से उत्पन्न होने वाले अपषिष्ट जल में तलछट, रसायन, डिटर्जेंट, तेल, ग्रीस, अत्यधिक pH स्तर और अन्य संदूषक शामिल हो सकते हैं, जो सभी पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सरे में वर्षा जल निकास प्रणाली अषोधित जल को स्थानीय छोटी नदियों और जल धाराओं में प्रवाहित कर देती हैं। सरी में 1500 किमी. से भी अधिक लंबाई की खुली छोटी नदियां और जल धाराएं हैं। ये छोटी नदियां जलमार्गों का एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाती हैं, जो सैमन, ट्राउट और अन्य जलीय जीवों के लिए प्राकृतिक वास स्थल प्रदान करता है।

एक वाहन मालिक अथवा ऑटो धुलाईकर्ता के रूप में आप पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। धोए जा रहे वाहन से (तलछट, ऑयल, आदि के रूप में) और धुलाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे तरीके (सॉलवेंट, डिटर्जेंट, आदि), दोनों से ही प्रदूषण फैलता है। ऐसा प्रतीत हो सकता है कि आप द्वारा किए जा रहे कार्य से बहुत ही कम प्रदूषण फैल रहा है, तथापि अनेक कारोबारी स्थलों और आवासों से निकलने वाले रसायनों और बहिःस्रावों से स्थानीय छोटी नदियों पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

## श्रेष्ठ प्रबंधन कार्यप्रणालियां

प्रदूषकों को वर्षा जल निकास प्रणाली में, और वहां से होते हुए अंततः हमारी जलधाराओं और छोटी नदियों में प्रवेष करने से रोकने के लिए कृपया निम्नलिखित कार्यप्रणालियों का पालन करें:

- बडी कम्पनियों अथवा वाणिज्यिक कार्य प्रचालनों के लिए एक प्राधिकृत, पटरीयुक्त धुलाई क्षेत्र की स्थापना करें जहां पर धुलाई के पानी को एक अलग हौदी में एकत्र किया जाता हो जो किसी सेनेटरी सीवर सिस्टम से जुड़ी हो अथवा किसी निपटान कम्पनी द्वारा एकत्र किए जाने हेतु होल्डिंग टैंक में एकत्र किया जाता हो।
- अपषिष्ट पानी के सेनेटरी सीवर सिस्टम में जाने अथवा होल्डिंग टैंक में एकत्र होने से पहले एक ऑयल–वाटर सेपरेटर अथवा सेडीमेंट ट्रैप उपकरण लगाएं। ऑयल–वाटर सेपरेटर और सेडीमेंट ट्रैप का नियमित रूप से रखरखाव करें।
- धुलाई क्षेत्र पर एक पोर्टेबल अथवा स्थाई छत बनाकर धुलाई क्षेत्र में साफ वर्षा जल को प्रवेष करने से रोकें।
- घरों में कार की धुलाई के लिए, वाहन को किसी घासयुक्त अथवा बजरीयुक्त स्थान पर धोएं। पक्के फर्ष पर धुलाई करते समय, धुलाई के पानी को वर्षा जल निकास नालियों में न डालकर किसी लैंडस्केप, घास अथवा बजरीयुक्त क्षेत्र की ओर मोड़ दें।
- जैविक रूप से नष्ट होने वाले, फास्फेट रहित डिटर्जेंट अथवा क्लीनर्स अच्छे विकल्प हैं लेकिन फिर भी इन्हें वर्षा जल निकास प्रणाली में प्रवेष करने से हर हाल में रोका जाना चाहिए।
- रेडिएटर की धुलाई, भाप द्वारा सफाई, इंजन की धुलाई, पुर्जों की धुलाई अथवा प्रेषर धुलाई के अपषिष्ट जल से भारी मात्रा में सेडीमेंट, तेल और ग्रीस उत्पन्न होते हैं और इन्हें किसी स्वीकृत सेनेटरी सीवर कनेक्षन में निपटाया जाना चाहिए और ये काम केवल ऐसी जगहों पर किए जाने चाहिए जहां पर इनका वर्षा जल निकास प्रणाली में फैलने का कोई खतरा न हो।
- वाहनों, औजारों और उपकरणों को ऐसी जगहों पर किसी हाल में नहीं धोया जाना चाहिए जहां से अपषिष्ट जल सीधा वर्षा जल निकास प्रणाली में प्रवेष करता हो।
- सफाई और गंधमुक्त करने के रसायनों, पॉलिष करने के पदार्थों और सॉलवेंट्स को किसी ऐसी सुरक्षित जगह पर संभाला जाना चाहिए जहां पर संदूषक फैलाव को वहीं तक सीमित किया जा सके।
- ऑयल क्लीनिंग, गंधमुक्त करने और पॉलिष करने के रसायनों के लिए विषेष निपटान की आवष्यकता होती है। निपटान के लिए विनिर्माता के निर्देषों का पालन करें अथवा निपटान के स्थलों का पता करने के लिए RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन से सम्पर्क करें।

